पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व–त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व कानून–व्यवस्था के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की

## सामाजिक सौहार्द और कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने की एक भी हरकत बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

## शरारतन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

## होलिका दहन समितियों तथा पीस कमेटियों की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश

## पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ायी जाए, शोभा यात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए

## लोकल इण्टेलिजेंस को और अधिक मजबूत किया जाए, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए

## होली के अवसर पर लोगों के आवागमन में वृद्धि को देखते हुए परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने के निर्देश, निजी ऑपरेटरों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने पर सख्त कार्यवाही की जाए

## पर्व–त्योहारों और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

## ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सक्रिय रहें, पेयजल की उपलब्धता व साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए

## प्रदेश में कहीं भी जहरीली अथवा अवैध मदिरा न बने और न ही बिके

**लखनऊ : 28 फरवरी, 2026**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि होली, रमजान, ईद सहित आगामी पर्वों के दौरान शरारतन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द और कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने की एक भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी हर कोशिश पर सख्ती से कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री जी ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और सभी पर्व–त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने आगामी दिनों में होलिकोत्सव, रमजान, नवरोज़, बासंतिक नवरात्रि, रामनवमी आदि महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के सम्बन्ध में आज

यहाँ अपने सरकारी आवास पर शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आहूत एक बैठक में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस बैठक में जनपद, रेंज, जोन व मण्डल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में आई0जी0आर0एस0, सी0एम0 हेल्पलाइन तथा जन–शिकायत निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस समय पर्व–त्योहार तथा बोर्ड परीक्षाएँ संचालित हैं। यह अवधि कानून–व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए बीते पाँच वर्षों की घटनाओं की समीक्षा कर उनसे सीख लेते हुए प्रभावी प्रबन्ध किए जाएं। यदि प्रदेश में कहीं भी समाज में विद्वेष फैलाने वाली घटनाएँ घटित होती हैं, तो सम्बन्धित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ायी जाए और शोभा यात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए।

मुख्यमंत्री जी ने होलिका दहन समितियों तथा पीस कमेटियों की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए, ताकि पर्वों के दौरान आपसी समन्वय और सौहार्द बना रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि होली के अवसर पर कहीं भी अभद्र गीत–संगीत नहीं बजना चाहिए और किसी के उत्साह में ऐसा कोई कृत्य न हो, जिससे किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति को नीचा दिखाने या परेशान करने की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि पर्व एवं त्योहार उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होते हैं, न कि किसी को आहत करने का माध्यम।

मुख्यमंत्री जी ने कानफोड़ू आवाज वाले लाउडस्पीकरों को हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब भी कई धर्मस्थलों पर ऐसे लाउडस्पीकर लगे हुए हैं, जिन्हें संवाद और समन्वय के माध्यम से हटाया जाना चाहिए, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। उन्होंने लोकल इण्टेलिजेंस को और अधिक मजबूत करने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। फेक अकाउण्ट्स की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली सूचना का स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी खण्डन किया जाए, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और कानून–व्यवस्था प्रभावित न हो।

मुख्यमंत्री जी ने ऊर्जा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मार्च माह में पर्व–त्योहारों और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सक्रिय रूप से क्रियाशील रहें। साफ–सफाई व पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निराश्रित गोवंश संरक्षण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में कहीं भी जहरीली अथवा अवैध मदिरा न तो बने, न ही बिके।

मुख्यमंत्री जी ने होली के अवसर पर लोगों के आवागमन में वृद्धि को देखते हुए परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल फिटनेस मानकों पर खरी उतरने वाली बसों को ही संचालन में लगाया जाए तथा निजी ऑपरेटरों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को फील्ड में उतरकर आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निगम के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बसें सड़क किनारे न खड़ी हों, अपनी तय जगह पर ही खड़ी हों।

बैठक में जनसुनवाई समाधान प्रणाली की जनवरी, 2026 की मासिक रैंकिंग भी प्रस्तुत की गई, जिसके माध्यम से मण्डलायुक्त, पुलिस रेंज व ज़ोन के अधिकारी, जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक स्तर पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के आधार पर प्रदर्शन का आकलन किया गया। मुख्यमंत्री जी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और इकाइयों की सराहना की, जबकि अपेक्षित प्रदर्शन न करने वाली इकाइयों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने पर जोर देते हुए प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

————————

***PN-CM-VC-Law & Order-28 February, 2026***